# होली मिलन समारोह की धूम, रंग-गुलाल से रंगीन होने लगी राजधानी

## सामाजिक समरसता व सौहाद्र का प्रतीक : सुप्रियो भट्टाचार्य



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** बंगाली युवा मंच चैरिटेबल ट्रस्ट ने शुक्रवार को सर्कुलर रोड स्थित के पी दत्त कंपाउंड में होली मिलन समारोह का आयोजन किया। मंच के संरक्षक सुप्रियो दा ने कहा कि यह त्योहार सामाजिक समरसता और सौहाद्र का प्रतीक है। यह पर्व लोगों के जीवन में हमेशा खुशियों का रंग भरे, ऐसी मंगलकामना है। मंच के अध्यक्ष सिद्धार्थ घोष ने कहा कि यह त्योहार आपसी भाईचारा का संदेश देता है। सचिव अमित दास ने कहा कि समाज और देश के लोग शांति पूर्ण और सावधानी से त्योहार का आनंद ले। इस मौके पर मंच के सभी सदस्य उपस्थित थे।

## झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स की फिल्म, कला संस्कृति उप समिति ने आयोजित किया होली मिलन समारोह




खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स की फिल्म, कला संस्कृति उप समिति ने शुक्रवार को चैंबर भवन में होली मिलन समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर मेरी आवाज मेरी पहचान के कलाकारों ने एक से बढ़कर एक संगीत की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने व्यापारियों को होली की बधाई दी।

मौके पर चैंबर के पूर्व अध्यक्ष ओमप्रकाश अग्रवाल, ललित केडिया, मनोज नरेडी ने कहा कि होली का त्यौहार हमें देश की सभ्यता, संस्कृति और एकता का संदेश देता है। हम सभी को रंगों की तरह ही आपस में मिलजुल कर रहना चाहिए। चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि रंगों का यह त्यौहार सभी प्रदेशवासियों के लिए खुशी लेकर आये, यह कामना करता हूं।

इस मौके पर परेश गप्तानी, आदित्य मल्होत्रा, राहुल साबू, शैलेष अग्रवाल, अमित शर्मा, ज्योति कुमारी, रोहित पोद्दार, साहित्य पवन, नवजोत अलंग, संजय अखौरी, प्रवीण लोहिया, डॉ. अभिषेक रामाधीन, राम बांगड़, पूर्व सचिव आरके चौधरी, आनंद जालान, राजीव चौधरी, अशोक गहलोत, किशन अग्रवाल, विजय शंकर, अंकिता वर्मा, विकास झाझरिया, रवि दत्त, कविता होरो, सुप्रिया दास, रामइकबाल चौधरी, मदन साहू, देवेष खान, संजय सिंह, पंकज पियूष, सुबोध चौधरी, नरेश पुंग, निरंजन शर्मा के अलावा शहर के कई गणमान्य उपस्थित थे।

## सीएमपीडीआई में सीटू ने धूमधाम से मनाया होली मिलन समारोह



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सीएमपीडीआई के परिसर में एनसीओईए (सीटू) की ओर से पूरे धूमधाम से होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर आरपी सिंह, समीर विश्वास, निताय घोष, प्रलय भट्टाचार्यी ने कर्मियों को होली की बधाई दी। मौके पर सीएमपीडीआई के निदेशक अच्युत घटक, मुख्य सतर्कता अधिकारी सुमित सिन्हा, क्षेत्रीय संस्थान-3, रांची के जयंत चक्रवर्ती, उप महाप्रबंधक सुमन रस्तोगी, सचिव पीके शरण, प्रमोद कुमार, जीसी विश्वास, उमाशंकर सिंह, क्षेत्रीय संस्थान-3-रांची के एनसीओईए के विनोद कुमार सिंह, राजेश सिन्हा, तपन डे, दीपांकर कुमार, भूपेंदर सिंह, नरेन्द्र सिंह, राम प्रसाद मैती, गीता देवी, सोनिया दास एवं विनीता केरकेट्टा सहित सीएमपीडीआई एवं सीसीएल कर्मी इस समारोह में हिस्सा लिया।

## 24 मार्च होलिका दहन और 26 को होली: रामदेव पांडे



**रांची।** पंडित रामदेव पांडे ने बताया कि 24 मार्च रविवार को दिन 9:23 से पूर्णिमा तिथि शुरू होगी जो सोमवार 25 मार्च को दिन 11:31 तक होगी। 24 मार्च की रात 10:28 के बाद होलिका दहन होगा, क्योंकि रात 10:28 तक भद्रा है, इसी समय ओंम होलिकायै नमः मंत्र से डुण्ढा राक्षसी का पूजन होगा। काशी-वाराणसी में 25 मार्च को होली होगी। जबकी शेष भारत मे 26 मार्च मंगलवार को होगी।

# बैंक का ट्रांजेक्शन रिकार्ड खोलेगा सुसाइड का राज

**आखिर बिल्डर की मौत का राज क्या है, रिवॉल्वर, मोबाइल सीज**

**जब्त चीजों को भेजा जायेगा फॉरेंसिक लैब**



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** रांची के बड़े बिल्डर नीरज सहाय ने गुरुवार को अपनी लाइसेंसी पिस्टल से खुद को गोली मार कर आत्महत्या कर ली थी। शहर के टॉप बिल्डरों में शुमार नीरज सहाय की आत्महत्या से कई लोग अचंभित हैं। उनके करीबी की मानें तो नीरज सहाय पिछले कुछ समय से अपने व्यापार में आयी गिरावट और इन्वेस्टर्स का प्रेशर झेल रहे थे। जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आ रहा था एक प्रभावशाली नेता और एक महिला नेता के पति द्वारा नीरज सहाय पर पैसा लौटाने के लिए दबाव बनाया जा रहा था। नीरज ने अपने इन्वेस्टर्स से साफ कह दिया था कि फिलहाल वह पैसा वापस करने की स्थिति में नहीं हैं क्योंकि रकम बहुत बड़ी है, लेकिन चुनाव लड़ने के लिए एडी चोटी का जोर लगा रहे नेता उनकी मजबूरी न तो सुनना चाह रहे थे और न ही समझना। नीरज सहाय को लगातार पैसा वापस करने का प्रेशर दिया जा रहा था। इधर घटना के बाद पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने प्रथम द्रष्टया में पत्नी अंशुल कुमार के बयान पर यूडी केस तो दर्ज कर लिया है लेकिन, नीरज की लाइसेंसी रिवॉल्वर, मोबाइल आदि को सीज कर लिया है। उन सभी चीजों को जांच के लिए फॉरेंसिक विभाग भेजा जायेगा। पुलिस सूत्रों का मानना है कि नीरज का बैंक एकाउंट में हुए ट्रांजेक्शन का भी ब्योरा निकाला जायेगा। पुलिस नीरज के परिजनों और करीबियों से पूछताछ कर इस आत्महत्या की गुत्थी को सुलझाने की कोशिश में है।

## नकली सोना का कंगन दिखा ठगी करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

**रांची।** नकली सोना का कंगन गिराकर सीधे-साधे लोगों से ठगी करने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। लोगों को बेवकूफ बनाकर, कभी पुलिस का भय दिखाकर पैसा की ठगी करने और जबरदस्ती एटीएम में ले जाकर पैसा निकलवाने सबंधी सूचना पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना प्रभारी लोअर बाजार के नेतृत्व एवं खादगढ़ा टीओपी में प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारी गिरोह को पकड़ने में जुटे थे। गुरूवार की रात खादगढ़ा बस स्टैंड इलाके में इस गिरोह के सदस्यों की सक्रियता की सूचना मिली। टीम ने कार्रवाई करते हुए तीन ठगों को गिरफ्तार किया। चौथा सदस्य भागने में सफल हो गया। गिरफ्तार सदस्यों ने स्वीकार किया है कि 16 मार्च को खादगढ़ा बस स्टैंड रांची रेलवे स्टेशन, बूटी मोड़ इलाके से सात-आठ लोगों से नकली सोना का कंगन दिखाकर डेढ़ लाख रुपए की ठगी की है। गिरफ्तार युवकों ने लुकमान खान, जबीउल्लाह खान, आरिफ कमाल है।

**वोटिंग काउंटिंग सेंटर पंडरा, रांची और वज्रगृह का किया निरीक्षण**

# मतगणना केंद्र और वज्रगृह में सुविधाएं दुरूस्त करें, स्वचछ माहौल बनायें : डीसी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** लोकसभा चुनाव-2024 की तैयारी को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा ने शुक्रवार को वोटिंग काउंटिंग सेंटर पंडरा रांची एवं पंडरा स्थित वज्रगृह का निरीक्षण किया। निरीक्षण क्रम में वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा, अनुमंडल पदाधिकारी (सदर) रांची उत्कर्ष कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी रांची बिवेक कुमार सुमन, जिला परिवहन पदाधिकारी रांची अखिलेश कुमार एवं अन्य सम्बंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।



जिला निर्वाचन पदाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया और उसे दुरस्त करने का निर्देश संबंधित अधिकारी को दिया गया। उपायुक्त ने निरीक्षण के क्रम में स्ट्रांग रूम में इवीएम के रख-रखाव की व्यवस्था, काउंटिंग कक्ष, पोलिंग पार्टी रूट, पार्किंग सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मतगणना केंद्र का निरीक्षण के क्रम में उन्होंने सी.सी.टी.वी. कैमरा, पंडाल, स्ट्रांग रूम, पार्किंग व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, सुरक्षा कर्मियों, चुनाव में तैनात कर्मियों के लिए भोजन की व्यवस्था, शौचालय आदि की व्यवस्था दुरुस्त करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारी को दिया गया।

राहुल कुमार सिन्हा ने पूरे परिसर के अवलोकन क्रम में कहा कि साफ-सफाई विशेष रूप से करें, स्वच्छ वातावरण में मतगणना का कार्य हो इसके लिए जल्द से जल्द साफ-सफाई का कार्य शुरू करें। उन्होंने सम्बंधित अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि बिल्डिंग का रंग-रोगन भी करा दें।

### मतगणना केंद्र में ट्रिपल लेयर सुरक्षा रहेगी

वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने जिला निर्वाचन पदाधिकारी रांची को बताया की मतगणना के दौरान त्रिस्तरीय (ट्रिपल लेयर सुरक्षा) मतगणना केंद्र में रहेगी। सुरक्षा के व्यापक इंतजाम रहेगी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी रांची द्वारा सम्बंधित अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा की यहाँ सारी व्यवस्था जैसे- लाइट, पंखा, पेयजल, जनरेटर, रास्ता की साफ-सफाई अन्य सभी सम्बंधित व्यवस्था तय समय सीमा में पूरा हो जाए यह सुनिश्चित सम्बंधित पदाधिकारी कर लेंगे। जानकारी हो की मतगणना दिनांक-04 जून 2024 को प्रातः 08 बजे से शुरू होगा।

### उपायुक्त ने स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण

**रांची।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने शुक्रवार को मोरहाबादी स्थित फुटबॉल मैदान में मतदान सामग्री एवं ईवीएम मशीन वितरण केंद्र का निरीक्षण किया। मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी विवेक कुमार सुमन, जिला परिवहन पदाधिकारी अखिलेश कुमार एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। डीईओ ने बताया कि 13 मई 2024 को होने वाले मतदान के लिए मांडर, तमाड़ विधानसभा क्षेत्र के लिए सामग्री एवं ईवीएम का वितरण मोरहाबादी से किया जाएगा। रांची लोकसभा के होने वाले मतदान के लिए 24 मई 2024 को सामग्री एवं ईवीएम का वितरण किया जाएगा।

## कुर्की-जब्ती की कार्रवाई में शिथिल पड़े बरियातू, सदर, हिंदपीढ़ी समेत 11 थानेदारों से स्पष्टीकरण

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची में कुर्की-जब्ती की प्रक्रिया में शिथिल पड़े थानेदारों से एसएसपी ने स्पष्टीकरण मांगा है। एसएसपी ने सदर, लोअर बाजार, हिन्दपीढ़ी, नगड़ी, रातू, बरियातू, नामकुम, कांके, बेड़ो, चान्हो और बुढ़मू थानेदार से स्पष्टीकरण मांगा है। आदर्श आचार संहिता के दौरान कुर्की-जब्ती की कार्रवाई में शिथिलता बरतने वाले थानेदार पर विभागीय कार्रवाई की जायेगी। विभिन्न थाना पुलिस के पास कुर्की-जब्ती का मामला लंबित है। इन मामलों में पुलिस रुचि लेकर कार्रवाई नहीं कर रही है और जिसका नतीजा है कि अपराधियों में पुलिस का इकबाल दिन-प्रतिदिन कम होता जा रहा है। एसएसपी ने आदर्श आचार संहिता के दौरान वारंट, कुर्की के निष्पादन में शिथिलता बरतनेवाले 11 थाना प्रभारियों के ऊपर विभागीय कार्रवाई के विरुद्ध स्पष्टीकरण मांगा है।

**रिपोर्ट नहीं देनेवाले एक दर्जन से अधिक थानेदारों को एसएसपी ने किया था शोकॉज** : एसएसपी ने 15 थानेदारों को विधि-व्यवस्था से संबंधित रिपोर्ट नहीं देने पर शोकॉज किया था। नामकुम, लालपुर, कोतवाली, डेली मार्केट, बुंडू, सदर, डोरंडा, टाटीसिलवे, तुपुदाना, पिठोरिया, पंडरा, बेडो, विधानसभा, अनगड़ा, दलादली प्रभारी को शोकॉज किया गया था।

## सदर अस्पताल परिसर में आम का विशाल पेड़ गिरा, कोई हताहत नहीं

**रांची।** सदर अस्पताल रांची परिसर में शुक्रवार को बिना आंधी-तूफान के विशाल आम का पेड़ धराशायी हो गया। गनीमत रही कि पेड़ की चपेट में कोई नहीं आया। घटना दिन के डेढ़ बजे की है। जिस समय पेड़ गिरा उस समय वहां कोई नहीं था। हालांकि धूप से बचने के लिए पेड़ के नीचे छाया में लोग बैठा करते थे लेकिन हाल के दिनों में उस जगह पर घेरा लगा था। जिसके कारण वहां लोग नहीं बैठे थे। पेड़ से सटकर वाहनों की पार्किंग है।



लेकिन पेड़ उस दिशा में गिरा जहां पर खाली स्थान था। पेड़ जब गिरा तो आसपास में जोरदार आवाज सुनाई दी। बता दें कि पेड़ हरा भरा था। उसके ऊपर आम के मंजर और टिकोले लग गये थे। पेड़ के तना का दो-तिहाई हिस्सा सड़ गया था। इसके कारण तना कमजोर हो गया था।

## भाजपा ने चुनाव आयोग को कांग्रेस विधायक का कथित ऑडियो क्लिप सौंपा, कहा- कार्रवाई हो

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रविकुमार को महगामा की कांग्रेस विधायक दीपिका पांडेय सिंह का एक कथित ऑडियो क्लिप सौंपा है। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव एवं विधि प्रकोष्ठ के संयोजक सुधीर श्रीवास्तव ने दावा किया कि ऑडियो क्लिप में विधायक की आवाज है। वह किसी मुखिया



रफीक भाई के साथ बातचीत कर रही हैं। श्री शाहदेव ने कहा कि इस बातचीत में आचार संहिता का खुल्लम-खुल्ला उल्लंघन हो रहा है। भ्रष्टाचार से संबंधित बड़ा रैकेट के होने की भी आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता है। भाजपा ने कहा कि ऑडियो क्लिप में हुई बातचीत में जिस बुलबुल का जिक्र हुआ है, वह कौन है। इसे विधायक 25 लाख रुपये देने की बात कह रही हैं। बातचीत में जिस मंत्री का जिक्र हुआ है, वह कौन हैं। मुखिया और रफीक भाई कौन हैं। किस डीसी और डीडीसी के नाम की चर्चा हो रही है। इन सब बातों की जांच करा कर अविलंब कार्रवाई की जाये।

**'विश्व जल दिवस' पर प्रदूषण नियंत्रण पर्षद मुख्यालय से बिरसा चौक तक साइकिल रैली**

# जल के साथ पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** 'विश्व जल दिवस' के अवसर पर शुक्रवार झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद के तत्वावधान में 'साइक्लोथॉन' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद के सदस्य सचिव वाईके दास तथा एनएसएस कोर्डिनेटर आइ/सी ब्रजेश कुमार की अगुवाई में झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद के मुख्यालय धुर्वा से बिरसा चौक रांची तक साइक्लिंग कर पर्यावरण के संरक्षण का संदेश दिया गया। वाईके दास ने इस पर मोटरवाहन से निकलनेवाले हानिकारक प्रदूषक, जल चक्र में होनेवाले इनके दुष्प्रभाव तथा झारखंड राज्य में जल संबंधी समस्या तथा उनके समाधान पर प्रकाश डाला।

इसी क्रम में कार्यक्रम के दौरान मौजूद सभी लोगों ने धुर्वा में मौजूद वृक्षों पर लाल टैग बांधकर उन्हें बचाने की शपथ ली। इस अवसर पर पर्षद के पदाधिकारी संजय कुमार श्रीवास्तव, कमलाकांत पाठक, अशोक कुमार यादव, सोनम झा तथा पर्षद के अन्य कर्मचारी शामिल हुए। इस कार्यक्रम में एनएसएस के स्वयंसेवकों ने भी खूब बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया तथा यहां से ली गयी सीख को अन्य लोगों तक पहुंचाने का भी वादा किया।

**वूमेन रॉक ग्रुप ने कराया रुद्राभिषेक**

## जल संकट की समस्या से मुक्ति की कामना की

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** विश्व जल दिवस के अवसर पर मोराबादी स्थित न्यू एरिया के राजश्री एनक्लेव में शनिवार को वूमेन रॉक ग्रुप के सदस्यों ने किरण सिंह के आवास में रुद्राभिषेक किया। इस दौरान दुनिया भर में उत्पन्न हो रही जल समस्या से मुक्ति की कामना की। वूमेन रॉक ग्रुप की रूपम झा, स्मिता शुक्ला और रानी सिंह ने बताया कि उनका संगठन निरंतर सामाजिक विषयों पर जागरूकता लाने के लिए कार्य करता आ रहा है। वहीं किरण सिंह ने बताया कि पर्यावरण संतुलन के बिगड़ने से स्वच्छ जल की गंभीर समस्या उत्पन्न हो रही है। इससे बचने के लिए ईश्वर से सभी



जीवों के लिए स्वच्छ जल की निरंतर उपलब्धता की कामना की। बता दें कि धरती पर पीने योग्य मीठे पानी का भंडार मात्र 3 प्रतिशत है और वह भी क्षीण होता जा रहा है।

रुद्राभिषेक के आयोजन में विद्या सिंह, गीता सिंह, उमा सिंह, शर्मिला सिंह, निधि सिंह, किरण पीपर, ऊषा दुबे, अनिता सिंह, नीतू झा, सत्या सिंह, सुषमा सिंह, पूनम सिंह, ऋतु सिंह, रिंकू सिंह आदि सम्मिलित रही।

**अधिवक्ता राजीव कुमार कैश कांड**

## अमित कुमार अग्रवाल की जमानत पर सीबीआई ने जवाब के लिए मांगा समय, सुनवाई 26 अप्रैल को

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** अधिवक्ता राजीव कुमार कैश कांड में सीबीआई की दिल्ली शाखा की ओर से दर्ज मामले में अमित कुमार अग्रवाल की जमानत याचिका की सुनवाई शुक्रवार को झारखंड हाई कोर्ट में हुई। मामले में सीबीआई की ओर से जवाब दाखिल करने के लिए कोर्ट से समय की मांग की गई। हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद की कोर्ट में मामले की अगली सुनवाई 26 अप्रैल निर्धारित की है। इस मामले में अमित कुमार अग्रवाल 7 दिसंबर 2023 से जेल में है।

बता दें कि मामले में सीबीआई की दिल्ली ब्रांच के द्वारा रांची की सीबीआई कोर्ट में चार्जशीट दाखिल किया जा चुका है। चार्जशीट में सीबीआई ने कैश कांड के मुख्य आरोपी कोलकाता के व्यवसायी अमित अग्रवाल के साथ अधिवक्ता राजीव कुमार को भी आरोपी बनाया है। साथ ही अमित अग्रवाल की एक कंपनी का भी नाम चार्जशीटेड किया गया है। अमित अग्रवाल वर्तमान में होटवार जेल में बंद है। राजीव कुमार को कोलकाता में 50 लाख रुपए नकद के साथ गिरफ्तार किया गया था। इसमें अमित अग्रवाल की संलिप्तता थी। साजिश के तहत अमित अग्रवाल ने राजीव कुमार को रांची से कोलकाता बुलाया और गिरफ्तार करवा दिया था।

सीबीआई की दिल्ली शाखा ने अमित अग्रवाल के खिलाफ 20 जनवरी 2023 को प्राथमिकी दर्ज की थी। दरअसल, झारखंड हाईकोर्ट के जस्टिस एसके द्विवेदी की अदालत ने साल 2022 में सीबीआई जांच करने का आदेश दिया था। इसके बाद सीबीआई ने 20 जनवरी 2023 को अमित अग्रवाल और उसकी कंपनी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की थी। वर्तमान में अमित अग्रवाल जमीन फर्जीवाड़े कर उस राशि का मनी लाउंड्रिंग करने के आरोप में भी जेल में है।

### पत्थर कारोबारी टिंकल भगत की जमानत याचिका पर अगली सुनवाई 12 अप्रैल को

**रांची।** साहिबगंज के पत्थर कारोबारी टिंकल भगत जमानत याचिका की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में शुक्रवार को हुई। मामले में प्रार्थी और ईडी की ओर से पक्ष रखा गया। ईडी ने प्रार्थी द्वारा उठाए गए कुछ बिंदुओं पर जवाब के लिए समय मांगा। हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति एसएन प्रसाद की कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 12 अप्रैल निर्धारित की है। सुनवाई में प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि अवैध खनन का यह मामला शेड्यूल ऑफेंस में नहीं आता है। जिस प्लॉट पर अवैध माइनिंग की बात कही जा रही है वह प्लॉट सरकार से लीज पर लिया गया था। प्रार्थी को झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से दो प्लॉट पर माइनिंग के लिए कॉन्सेंट टू ऑपरेट भी मिला है। उनकी ओर से इस संबंध में दस्तावेज भी कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। प्रार्थी को ईडी ने समन कर तीन बार बुलाया था, जिसपर वह ईडी के समक्ष उपस्थित हुए थे। मामले के एक सह आरोपी कृष्णा साहा को हाई कोर्ट से जमानत मिल चुकी है। इसलिए प्रार्थी को भी जमानत दी जाए।

# माओवादियों के ट्रेनिंग सेंटर बूढ़ापहाड़ में अबकी मतदाता करेंगे भयमुक्त मतदान

## नक्सलियों के गढ़ बूढ़ापहाड़ इलाके में वोटिंग की तैयारी, पहले नक्सली वोट बहिष्कार का जारी करते थे फरमान

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** बूढ़ापहाड़ जहां से पहले माओवादी वोट बहिष्कार का फरमान जारी करते थे और फरमान का असर चुनाव में नजर आता था। 2019 के लोकसभा चुनाव में माओवादियों ने इसी इलाके से वोट बहिष्कार का फरमान जारी किया था, लेकिन 2022 के बाद इलाके में हालात बदल गए हैं। बूढ़ापहाड़ से माओवादियों के पांव उखड़ गये हैं। बूढ़ापहाड़ के इलाके में अब सुरक्षाबलों का कब्जा हो गया है। 2019 के बाद 2024 का लोकसभा चुनाव बदले हालात में होने जा रहा है।

**माओवादियों का ट्रेनिंग सेंटर रहा है बूढ़ापहाड़ का इलाका**

बूढ़ापहाड़ का इलाका 1990 के बाद से माओवादियों का सुरक्षित ठिकाना माना जाता था। यह इलाका झारखंड और बिहार के माओवादियों का ट्रेनिंग सेंटर था। इसी इलाके से माओवादी बिहार और झारखंड में अपनी नीति का निर्धारण करते थे।

**चुनाव में दो हेलीकॉप्टर का ही होगा प्रयोग**

2019 के लोकसभा चुनाव में बूढ़ापहाड़ के सभी मतदान केंद्रों पर हेलीकॉप्टर मतदान कर्मियों को भेजा जाता था, लेकिन इस बार हालात बदले हुए है। सिर्फ दो इलाके में ही हेलीकॉप्टर से मतदान कर्मियों को भेजने का प्रस्ताव है। बूढ़ापहाड़ का इलाका दो हिस्सों में बंटा हुआ है। जिसमें बड़ा हिस्सा पलामू लोकसभा, जबकि एक हिस्सा चतरा लोकसभा क्षेत्र में है।



**वोट देने के लिए 15 से 20 किलोमीटर का सफर तय करते हैं ग्रामीण**

बूढ़ापहाड़ के इलाके में मतगड़ी और टेहरी पंचायत के इलाके मों मतदान केंद्र बनाए गये हैं। इलाके के ग्रामीण वोट देने के लिए 15 से 20 किलोमीटर का सफर तय करते हैं। पूरा इलाका जंगलों और पहाड़ों से घिरा हुआ है। ग्रामीण पैदल सफर तय करते हुए वोट देने के लिए मतदान केंद्र जाते हैं। तुरेर, तुबेग, चेमो, सान्या, कुटकु जैसे गांव के ग्रामीण मतगडी, जबकि झालुडेरा, बहेराटोली समेत कई गांव के ग्रामीण वोट देने के लिए टेहरी पंचायत जाते हैं।

**पुलिस ग्रामीणों का बढ़ा रही हौसला, चुनाव को लेकर सुरक्षा के इंतजाम पुख्ता**

बूढ़ापहाड़ और उसके आसपास के इलाके में 40 कंपनी के करीब सुरक्षाबल तैनात हैं। पुलिस के टॉप अधिकारी ग्रामीणों का हौसला बढ़ा रहे हैं। मतदान केंद्रों की सुरक्षा की समीक्षा की जा रही है। इस संबंध में पलामू रेंज के आईजी नरेंद्र कुमार सिंह का कहना है कि बूढ़ापहाड़ के इलाके के ग्रामीणों का हौसला बढ़ाया जा रहा है। वे खुद बूढ़ापहाड़ के इलाके के ग्रामीणों से बातचीत कर उन्हें मतदान करने के लिये प्रेरित करेंगें।

**सैकड़ों ग्रामीणों का पहली बार बना है वोटर कार्ड**

बूढ़ापहाड़ का इलाका छत्तीसगढ़ के बलरामपुर और झारखंड के गढ़वा और लातेहार की सीमा पर स्थित है। इलाके में सैकड़ों ग्रामीणों का पहली बार वोटर कार्ड बना है। जबकि लोगों के कई अहम दस्तावेज भी बनाए गए हैं। बूढ़ापहाड़ के इलाके में 27 गांव हैं, जो 89 टोले में बंटे हुए हैं। जिसमें 6 गांव गढ़वा, जबकि 11 गांव लातेहार के इलाके में हैं। 3908 घरों में करीब 19836 की आबादी है। इलाके की 76 प्रतिशत आबादी अनुसूचित जनजाति है, जबकि आठ प्रतिशत आबादी आदिम जनजाति है। लोकसभा चुनाव तक इलाके के सभी लोगों का वोटर कार्ड बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

### संत जेवियर्स कॉलेज के छात्रों ने झारखंड की प्रकृति को तस्वीरों में किया कैद

## स्प्रिंग फोटोग्राफी फेस्टिवल की दिखायी झलक

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** संत जेवियर्स कॉलेज में शुक्रवार को जर्नलिज्म एवं मास कम्युनिकेशन विभाग और आई.क्यू.ए.सी के संयुक्त फोटो पत्रकारिता पर आधारित दो दिवसीय झारखण्ड प्रकृति का रंगमंच-कैमरे की नजर से विषय पर स्प्रिंग फोटोग्राफी फेस्टिवल का आयोजित किया गया। फोटो फेस्टिवल का उद्घाटन प्राचार्य डॉ. फादर नाबोर लकड़ा ने उपस्थित अतिथियों के साथ दीप प्रज्ज्वलन कर किया। अतिथि एवं विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए जर्नलिज्म एवं मास कम्युनिकेशन विभाग के प्रमुख डॉ संतोष कुमार कीड़ो ने कहा कि झारखंड की खिलखिलाहट और वसंत की खूबसूरती को विद्यार्थियों ने फोटोग्राफी की कला के द्वारा कैमरे में कैद किया है जिसे दर्शाने के लिये स्प्रिंग फोटोग्राफी फेस्टिवल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित सीनियर फोटो जर्नलिस्ट दिवाकर प्रसाद ने कहा कि फोटो पत्रकारिता मीडिया का एक ताकतवर हथियार है उसके साथ उन्होंने यह भी कहा कि एक तस्वीर हजारो शब्दों को बयान करती है। रेक्टर फादर एलेक्स एक्का ने अपनी बात रखते हुए फोटो जर्नलिज्म को एक बहुत अच्छा पेशा बताया उसके बाद प्राचार्य फादर डॉ नाबोर लकड़ा ने कहा कि किसी भी कार्य को करने के लिए जुनूनता होना आवश्यक है तभी कुछ अलग तरीके से सोच के साथ आप आगे सुगम सफर तय कर सकते हैं। उप-प्राचार्य डॉ प्रदीप रॉबर्ट कुजूर ने आमिर खान की सबसे प्रचलित फि ल्न 3 ईडियट के किरदार फरहान का उदाहरण देते हुए विद्यार्थियों को अपने आंतरिक आकाँक्षाओं का पीछा करने को कहा। कॉलेज के सभागार में फोटो फेस्टिवल में विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं से आये डीएसएलआर और मोबाइल के खिचे हुए फोटो को प्रदर्शित किया गया। बेस्ट फोटोग्राफी के लिए कॉलेज के इतिहास विभाग स्नातक के अभय केरकेप्ता को सर्वश्रेष्ठ फोटो के लिए पुरस्कृत किया गया तो वहीं दूसरा स्थान बीजेएमसी विभाग के आयुष राज व तीसरा स्थान पे स्नातकोत्तर जीव विज्ञान के स्वप्निल टोपनो को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में परीक्षा नियंत्रक डॉ बीके सिन्हा, आईक्यूएसी को-कोऑर्डिनेटर डॉ शिव कुमार, रजिस्ट्रार डॉ. फादर प्रभात कैनेडी सोरेन, डीएसडब्ल्यू डॉ. संजय सिन्हा उपस्थित थे। इस दौरान पत्रकारिता विभाग के डॉ नील कुसुम कुल्लू, वाईएन झा, कुमार समवेग, आलोक रंजन, संजय मंडल व विभाग के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## कोयला आयात की हिस्सेदारी में आयी कमी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** देश के कोयला खपत में आयात की हिस्सेदारी में कमी दर्ज की गयी है। अप्रैल, 2023 से जनवरी, 2024 के दौरान कोयला आयात की हिस्सेदारी घटकर 21 प्रतिशत रह गई है, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि के लिए 22.48 प्रतिशत थी। पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में अप्रैल, 2023 से जनवरी, 2024 के दौरान 19.36 मिलियन टन (एमटी) के साथ ताप विद्युत संयंत्रों द्वारा मिश्रण के लिए आयात किये जाने वाले कोयले की मात्रा में 36.69 प्रतिशत की कमी आयी है। मिश्रण के लिए आयातित कोयले में यह कमी घरेलू कोयले के उपयोग का संकेत देती है, जिससे आयात पर निर्भरता कम हुई है। इसके विपरीत अप्रैल, 2023 से जनवरी, 2024 के दौरान आयातित कोयला आधारित बिजली संयंत्रों द्वारा कोयले के आयात में पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 94.21 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। चूंकि ये बिजली संयंत्र केवल आयातित कोयले के आधार पर डिजाइन किए गए हैं, इसलिए उपरोक्त अवधि के दौरान कोयले के आयात में वृद्धि के लिए कीमतों में भारी गिरावट को जिम्मेदार ठहराया जा सकता है। भारत मुख्य रूप से दक्षिण अफ्रीका और इंडोनेशिया से ताप विद्युत कोयला आयात करता है। पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में अप्रैल, 2023 से जनवरी, 2024 के दौरान इन देशों की औसत कीमत में क्रमशः लगभग 54 प्रतिशत और 38 प्रतिशत की कमी आयी है। इसके अलावा कोयले की अधिसूचित कीमत पर सीआईएल द्वारा प्राप्त नीलामी प्रीमियम में भी काफी कमी आई है। अप्रैल, 2022 से जनवरी, 2023 की अवधि में यह 278 प्रतिशत से घटकर वित्त वर्ष 2023-24 की इसी अवधि के दौरान 82 प्रतिशत रह गई है। नीलामी प्रीमियम में कमी बाजार में कोयले की प्रचुर उपलब्धता (वर्तमान में कोयला कंपनियों के पास 96 मिलियन टन कोयला स्टॉक) का प्रमाण है।

## मुफ्ती फैज़ुल्लाह मिस्बाही ने तरावीह की नमाज में कुरान पाक मुकम्मल किया

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** एदारा ए शरिया झारखंड के सरपरस्त एम सईद के आवास पर शुक्रवार की रात मुफ्ती फैजुल्लाह मिस्बाही ने तरावीह की नमाज में कुरान पाक मुकम्मल किया। इस दौरान सलात व सलाम के साथ देश दुनिया राज्य में अमन चैन की दुआ की गई। एदारा ए शरिया के नाजिम आला हजरत मौलाना कुतुबुद्दीन रिजवी ने कहा कि रमजान का महीना सारे महीनों का सरदार है। इस मुबारक महीने में ही कुरआन पाक नाजिल हुआ, इसलिए इस्लाम में इस महीने की बड़ी फजीलते हैं। माह-ए-रमजान और नमाज-ए-तरावीह की अहमियत पर रोशनी डालते हुए कहा कि अल्लाह ने रमजान में अपने बंदों के लिए काफी इनामात से नवाजता है। हालांकि बंदा भी ऐसा होना चाहिए जो अल्लाह के हुक्म की फरमाबरदारी करें। यह महीना मोमिनों के लिए अल्लाह का सबसे कीमती तोहफा है। मौलाना कुतुबुद्दीन रिजवी ने वहां उपस्थित लोगों से हाथ उठाकर वादा लिया की अल्लाह और उसके रसूल के बताए हुए रास्ते पर चलेंगे। कुरान था कुरान है कुरान रहेगा। तरावीह की नमाज के बाद सभी रोजेदारों ने अपने गुनाहों से माफी मांगी। इमाम साहब का नजराना लगभग 87 हजार रूपए दिया गया। नात पाक कारी बरकतुल्लाह सर मौलाना शेर मोहम्मद ने पढ़ी। प्रोग्राम का संचालन मौलाना मुजीबुर्रहमान ने की। इस मौके पर कारी अय्यूब रिजवी, मौलाना निजाम, सेंट्रल मुहर्रम कमिटी के महासचिव अकील उर रहमान, मो इस्लाम, रांची पब्लिक स्कूल के सचिव मो तौहीद, मो महजूद, झामुमो नेता आफताब आलम, मो नौशाद, मो सरफराज, मो सोनू, मो अशफाक, समेत सैंकड़ों लोग उपस्थित थे।

## पटेल बीएड कॉलेज ने आयोजित किया मतदाता जागरूकता अभियान



**रांची।** स्वीप कार्यक्रम के तहत पटेल बीएड कॉलेज ने शुक्रवार को मतदाता जागरूकता 'होली के रंग, मताधिकार के संग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर छात्र-छात्राओं ने होली के गाने तथा नाटक का भी प्रदर्शन किया साथ ही साथ मतदान के प्रति छात्र-छात्राओं को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में खूंटी जिला के एसडीएम अनिकेत सचान और डीओ उपस्थित थे। विद्यार्थियों को मतदान के लिए शपथ ग्रहण करा कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। छात्र-छात्राओं ने एक-दूसरे को बधाई देते हुए अबीर-गुलाल भी लगाया तथा हर्षोल्लास के साथ होली मिलन समारोह का आनंद लिया। इस अवसर पर कॉलेज की प्राचार्या ने होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली मिलन समारोह से सहयोग तथा एक दूसरे में प्रेम की भावना का विकास होता है। इस अवसर पर सभी व्याख्याता गण, सहकर्मीगण एवं सभी विद्यार्थी उपस्थित थे।

## आरबीआई ने छात्रों के लिए वित्तीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया



**(खबर मन्त्र ब्यूरो) रांची।** भारतीय रिजर्व बैंक, रांची क्षेत्रीय कार्यालय ने शुक्रवार को रांची में छात्रों के लिए एक दिवसीय वित्तीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में, ऑल इंडिया एफएल क्विज के जिला टॉपर्स के साथ-साथ कॉलेज के छात्रों के लिए निबंध प्रतियोगिता के शीर्ष 20 प्रतिभागियों ने भाग लिया। गिरिडीह के शुभम कुमार शर्मा ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया और शुभम कुमार चौधरी और नमन गौरव ने दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया।

## चाउमीन फैक्ट्री में लगी आग लाखों की संपत्ति जलकर राख



**रांची।** रांची के विद्यानगर बड़ी मोहल्ले स्थित लोकेश कुमार की चाउमीन फैक्ट्री में गुरुवार की देर रात आग लग गई। लोकेश कुमार ने बताया कि देर रात लगभग दो से तीन बजे के लिए आग लगी। आग कैसे लगी, यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। आशंका जाहिर की जा रही है कि शॉर्ट सर्किट की वजह से ही आग लगी है। अगलगी की जानकारी मिलने के बाद आसपास के लोगों की मदद से आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया. मगर तबतक फैक्ट्री लगभग जल चुकी थी। सुबह चार बजे के करीब अग्निशमन दस्ते की मदद से आग पर काबू पा लिया गया। अगलगी की इस घटना में लोकेश कुमार को 10 लाख से ज्यादा की क्षति हुई है।

## हास्य व्यंग कवि सम्मेलन की तैयारी पूरी

### कवि सम्मेलन में देश के विख्यात कवि करेंगे शिरकत

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** मारवाड़ी भवन हरमू रोड मे आज होने वाले हास्य व्यंग कवि सम्मेलन की तैयारियां पूरी कर ली गई है। समिति के अध्यक्ष अशोक कुमार नारसरिया, मुख्य संयोजक सुरेश चंद्र अग्रवाल, सचिव अनिल कुमार अग्रवाल एवं प्रवक्ता संजय सर्राफ ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए कहा है कि होली के अवसर पर आयोजित हास्य व्यंग कवि सम्मेलन रात्रि 9 बजे से मारवाड़ी भवन में प्रारंभ होगी। इस वर्ष कवियों की मे ख्याति प्राप्त अंतरराष्ट्रीय कवि सुरेंद्र शर्मा दिल्ली, सुरेंद्र दुबे रायपुर, अनिल अग्रवाल अग्रवंशी, राजेश अग्रवाल, दीपक सैनी हरियाणा, तथा साक्षी तिवारी लखनऊ, दर्शकों को हंसी के ठहाके की बौछार के साथ-साथ तीखे वाण व्यंग का मधुर संगम पेश कर धमाल करेंगे। कवि सम्मेलन में तीन हजार लोगों का बैठने की व्यवस्था है तथा महिलाओं के लिए विशेष बैठने की व्यवस्था की गई है। कवि सम्मेलन का प्रवेश निःशुल्क है तथा कवि सम्मेलन का लुफ्त उठाने के लिए आयोजन स्थल पर कुर्सियां की विशेष व्यवस्था पहले आओ पहले पाओ की तर्ज पर की गई है। दर्शकों के लिए एलईडी भी मैदान में लगाए गए हैं। पेयजल जलपान एवं ठंडाई का विशेष काउंटर की व्यवस्था की गई है। आयोजन स्थल पर सुरक्षा गार्ड की पूर्ण व्यवस्था के साथ-साथ सीसीटीवी एवं अग्निशामक यंत्र लगाए गए हैं। उन्होंने हास्य कवि सम्मेलन मे ज्यादा से ज्यादा संख्या में भाग लेने तथा लुफ्त उठाने की अपील की है।

## सरला बिरला विश्वविद्यालय के नर्सिंग विभाग में प्रिंसिपल मीट आयोजित



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय के नर्सिंग विभाग में द ट्रेंड नर्सेज एसोसिएशन ऑफ इंडिया और डब्लूएचओ के द्वारा शुक्रवार को प्रिंसिपल मीट सह वर्कशॉप का समापन हुआ। इसमें टीएनएआई के अधिकारियों के अलावा रांची अस्पतालों के प्रतिनिधिगण शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सरला बिरला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. गोपाल पाठक ने बायोमेडिकल वेस्ट से होनेवाले दुष्प्रभावों के विषय में बात की। उन्होंने भारतीय नर्सों के योगदान और दुनिया भर में उनकी बढ़ती मांग पर भी चर्चा की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीआईसी झारखंड के डॉ. चंद्र किशोर शाही ने नर्सों को बीमारियों की रोकथाम पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी। उन्होंने बायोमेडिकल कचरे से होनेवाले खतरों के प्रति भी आगाह किया। विवि के नर्सिंग और योग विभाग के समन्वयक आशुतोष द्विवेदी ने चिकित्सा के क्षेत्र में नर्सों के योगदान की प्रशंसा करते हुए कहा कि कोविड के दौर में जिस तरह नर्सों ने सेवा भाव की मिसाल पेश की, वह अतुलनीय है। कार्यक्रम में टीएनएआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष राज के. जॉर्ज, महासचिव एवलिन पी. कानन, सहायक महासचिव वत्चला दिनाकरन, सीएमसी वेल्लोर की राजेश्वरी और बायो मेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट विशेषज्ञ साइनी चाको ने भी उपस्थित श्रोताओं को संबोधित किया। इस अवसर पर विभाग के अध्यापक और छात्र बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान और मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी माननीय डॉ.प्रदीप कुमार वर्मा ने इस आयोजन के लिए अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की।

## डोरंडा थाना में शांति समिति की बैठक

**रांची।** डोरंडा थाना मे शुक्रवार को थाना प्रभारी आनंद किशोर प्रसाद के नेतृत्व में आगामी होली पर्व को शांति पूर्वक संपन्न करने हेतु शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अगजा के समय विशेष सतर्कता कैसे बरती जाए उस पर चर्चा की गई। वही होली के समय मस्जिदों के आस पास विशेष सुरक्षा व्यवस्था की मांग की गई। थाना प्रभारी ने शांति समिति के बैठक मे पहुंचे सभी लोगो को आपसी भाईचारगी के साथ पर्व को मनाने की बात कही। साथ ही आश्वत किया कि पुलिस आप की सेवा मे 24/7 तात्पर्य है। बैठक में डोरंडा महावीर मंडल के अध्यक्ष संजय पोद्दार डोरंडा, कन्हैया सिंह, सेंट्रल मुहर्रम के अध्यक्ष अशरफ अंसारी, मुमताज गद्दी, मौलाना मनी रुद्दीन वार्ड 45 के निवर्तमान पार्षद नसीम गद्दी उर्फ पप्पू गद्दी, नसीमुल हक, फारुख, मो शोएब अंसारी, मो गुलाम सर्वर उर्फ पिंकू, मंसूर कुरैशी आदि शामिल थे।

# लोकतांत्रिक व्यवस्था में नेतृत्व करने वाला राजा नहीं हो सकता है : सुदेश महतो


## आजसू पार्टी का मिलन समारोह आयोजित, सैनिक प्रकोष्ठ कांग्रेस के नेता भीम मुंडा ने थामा पार्टी का दामन

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** लोकतांत्रिक व्यवस्था में नेतृत्व करने वाला राजा नहीं हो सकता है। लोकतंत्र जनता से, जनता के लिए और जनता के द्वारा चलने वाली व्यवस्था है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में नेता, जनता के सेवक होते हैं। उक्त बातें पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने हरमू स्थित केंद्रीय कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में कही। इस दौरान सैनिक प्रकोष्ठ कांग्रेस के नेता सह निलय इंजीनियरिंग कॉलेज के चेयरपर्सन भूतपूर्व सैनिक भीम मुंडा के साथ प्रदीप उरांव, प्रदीप कुमार, गंगाधर प्रसाद, अफरोज अंसारी (छोटू) समेत कई लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। सुदेश कुमार महतो ने कहा कि भ्रष्टाचार के आरोप जब सत्ता पर बैठे लोगों पर लगने लगे, तो राज्य के लिए दुखद होता है। नियमों का उल्लंघन करने और नीयत में खोट रहने की वजह से राज्य में अराजकता का माहौल बना है। इससे राज्य को बाहर निकालने की जिम्मेदारी हम सब पर है। पार्टी में शामिल हुए सभी लोगों का स्वागत करते हुए उन्होंने कहा कि सभी वर्गों का पार्टी में जुड़ना अच्छा संदेश है। भीम मुंडा जी ने देश सेवा के बाद शिक्षा के क्षेत्र में भी बेहतर काम किया है। सार्वजनिक जीवन में आने के लिए उनका पार्टी में स्वागत है। आजसू के सशक्त मंच के माध्यम से जनहित के लिए कार्य करें। पार्टी की सदयस्ता ग्रहण करने वाले भीम मुंडा ने कहा कि राज्य की राजनीति के गिरते स्तर और राज्य वासियों की समस्या को दूर करने के लिए एक अच्छे लीडर और पार्टी की आवश्यकता है। इस आवश्यकता को सिर्फ आजसू पार्टी और सुदेश महतो के कुशल नेतृत्व से ही पूरा किया जा सकता है। सुदेश जी ने शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य किए हैं। वैसे ही कार्य करने की आवश्यकता पूरे राज्य में है।इस अवसर पर मुख्य रूप से डॉ देवशरण भगत, राजेंद्र मेहता, पूर्व डीआईजी संजय रंजन, डॉ रीना गोडसारे, जितेंद्र सिंह, ज्ञान सिन्हा, हरिश कुमार, डॉ पार्थो, बंटी यादव, सुनिल यादव, रमेश गुप्ता, प्रभा महतो, अमित कुमार, दयाशंकर झा इत्यादि मुख्य रूप से उपस्थित थे।



## संत जेवियर्स कॉलेज के भू-विज्ञान विभाग ने आयोजित किया प्रशिक्षण कार्यक्रम



रांची। संत जेवियर्स कॉलेज के भूविज्ञान विभाग और केंद्रीय भूमि जल बोर्ड, मध्य पूर्वी क्षेत्र ने लोकल ग्राउंडवाटर इश्यूज एंड ग्राउंडवाटर मैनेजमेंट विषय पर शुक्रवार को प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर प्राचार्य डॉ फादर नाबोर लकड़ा ने भू-जल से सम्बंधित अनुसन्धान के प्रति सबका ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने जल का धारणीय इस्तेमाल पर जोर देते हुए समाज के सभी वर्ग से जुड़े लोगों को जिम्मेदारियों के बारे में अवगत कराया। कॉलेज के उप-प्राचार्य डॉ फादर रॉबर्ट प्रदीप कुजूर ने केंद्रीय भूमि जल बोर्ड, मध्य पूर्वी क्षेत्र, के अफसर इन-चार्जऔर अन्य सभी वैज्ञानिकों का स्वागत करते हुए आज के समय में पानी की कमी को एक अतिआवश्यक चुनौती के रूप में प्रस्तुत किया। इस मौके पर रोज अनीता कुजूर, अफसर इन-चार्ज, केंद्रीय भूमि जल बोर्ड, विभागाध्यक्ष डॉ जयंत सिन्हा मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

## पुलिस ने अवैध बालू लदे कई वाहनों को पकड़ा, हड़कंप



**अनगड़ा।** वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर टीम गठित कर अनगड़ा थाना क्षेत्र के कोता टोली नवाटोली नारायण घाटी इत्यादि जगहों पर अनगड़ा थाना के पुलिस और राहे थाना पुलिस ने शुक्रवार को अहले सुबह अभियान चला कर अवैध बालू परिवहन करते हुए ट्रैक्टर एक टर्बो और दो हाइवा को पकड़ा हैं। मालूम हो की पिछले कई दिनों से देर रात होते ही अवैध बालू का कारोबार राहे टू हाहे सड़क में प्रारंभ हो जाता था सैकड़ो वाहन प्रति दिन बालू का अवैध कारोबार कर सरकार की राजस्व की चारी की जा रही थी । रात से लेकर सुबह तक अवैध बालू का परिवहन जारी था । उक्त बालू सिल्ली थाना क्षेत्र के झाबरी शायमनगर सोनाहातू और बुंडू थाना क्षेत्र के विभिन्न बालू घाटों से अवैध उठाव किया जाता था। इन अवैध बालू लदे वाहनों को राहे टू हाहे सड़क के रास्ते राजधानी में काफी उँचे कीमत पर बिक्री की जाती थी । वरीय पुलिस अधीक्षक की इस करवाई से बालू माफियाओं में हड़कंप मच गया है। बताया गया कि कई बालू लदे वाहनों के मालिक सड़क किनारे बालू को फेंक कर अपने वाहनों को लेकर भागे स साथ ही दर्जनों वाहन पुलिस कार्रवाई की सूचना पाकर जंगल के रास्ते से फरार हो गए

## ईद में पाइप फटने से हजारों लीटर पानी बहकर बर्बाद



**सिकिदिरी।** सिकिदिरी के ईद गांव के समीप पाइप के फटने से प्रतिदिन हजारों लीटर पानी बहकर बर्बाद हो रहा है। विगत 15 दिनों से पानी बहकर बर्बाद होने से अनगड़ा प्रखंड के हरातुएहेसातु और नवागढ़ पंचायत में जलपूर्ति ठप है। ग्रामीणों द्वारा बार .बार शिकायत करने के वावजूद विभाग कुम्भकर्ण की नींद सो रहा है। जलपूर्ति ठप होने से ग्रामीण कुंआएडाढ़ी आदि से पानी लेकर इसका उपयोग कर रहे है। चापाकल की स्थिति खराब होने से कई गांवो में ग्रामीण दूर दराज के चापानल से पानी लाने के लिए मजबूर है। अनगड़ा पीएचईडी विभाग के कनीय अभियंता से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन संपर्क नहीं हो सका।

## बेड़ो में सरना सनातन का फगुआ मिलन समारोह आज

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड मुख्यालय स्थित महादानी मैदान के रंगमंच में शनिवार को सरना सनातन मंच के तत्वाधान में फगुआ मिलन समारोह का आयोजन किया गया है। इस फगुआ मिलन समारोह में सरना सनातन के लोगों से भाग लेने का अपील किया है।

# होली की मस्ती : अबीर-गुलाल से सराबोर होने लगे विद्यार्थी

### होली मिलन समारोह

### शाश्वत टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में होली मिलन समारोह

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** शाश्वत इंस्टिट्यूट ऑफ टीचर्स एजुकेशन कालेज हुटुप ओरमांझी में शुक्रवार को होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ। इस अवसर पर कालेज के प्रशिक्षु छात्र-छात्राओं ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगा व ढ़ोल-नगाड़ों के धुन पर परामर्शिक नृत्य प्रस्तुत किए। होली के रंग में सभी सराबोर हो जमकर मस्ती किए। कालेज के उपप्राचार्य रुपेश कुमार ने सभी को होली की शुभकमनाएं दी और कहा होली बसंत के आगमन और आपसी भाईचारगी व प्रेम का प्रतीक है। होली हमें एक दूसरे से प्रेम करने की संदेश भी देती है। समोह में डॉ अंजली, डॉ रश्मि रती, डॉ बिनिता, ममता कुमारी, अपर्णा कुमारी मिश्रा, सुरेश यादव, रोहित सिंह, शिक्षक, शिक्षकेत्तरकर्मी व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।



समारोह में शामिल कॉलेज की विद्यार्थी गण।

### चान्हो : चलियो बागीचा में होली मिलन कार्यक्रम

**चान्हो।** प्रखंड अंतर्गत रोल पंचायत के चलियो बगीचा मे शुक्रवार को होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सभी ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। इस मौके पर क्षत्रिय महासभा अध्यक्ष अजित सिंह ने कहा कि समाज के लोग आपसी मन मुटाव को दूर करें और उन्हें आपसी एकता को मजबूत करना चाहिए। युवाओ को समाजिक कार्य करने को प्रेरित किया जाये। साथ ही साथ कार्यक्रम में क्षत्रिय महासभा के सचिव भुवनेश्वर सिंह ने सामाजिक एकजुटता पर बल देते हुए कहा कि इस तरह का आयोजन होने से सामाजिक बंधुओं के बीच मेल मिलाप होता है। मंच संचालन नीरज शाही द्वारा ने किया। इस मौके पर बसंत शाही कोषाध्यक्ष अरविंद सिंह सचिव भुवनेश्वर सिंह राम दयाल सिंह गुलाब सिंह बसंत शाही अभय सिंह श्रीकांत सिंह व सैकड़ो क्षत्रिय मौजूद रहे।

## तुमांग में रैयत विस्थापितों का होली मिलन समारोह

**खलारी।** रैयत विस्थापितो का होली मिलन समारोह का आयोजन तुमांग डुब सरहुल स्थल पर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एनके एरिया के महाप्रबंधक सुजीत कुमार व विशिष्ट अतिथि रैयत विस्थापित मोर्चा के एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता खलारी पश्चिमी जिला परिषद सदस्य सरस्वती देवीए टंडवा दक्षिणी जिला परिषद सदस्य नेहा उरांव इंद्रिरा देवी लपरा मुखिया पुतुल देवी पुष्पा खलखो मुखिया संतोष कुमार महली पंचायत समिति सदस्य सहदेव महली विश्रामपुर मुखिया दीपमाला कुमारी चुरी पश्चिमी मुखिया शांति देवी सहित कई रैयत विस्थापित एव गणमान्य लोग उपस्थित थे। इस अवसर पर एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई दी गई। महाप्रबंधक सुजीत कुमार ने सभी को होली की बधाई दी। इसके बाद सभी लोगों ने सामूहिक भोजन का आनंद लिया। इस मौके पर रोहिणी मैनेजर दीपक कुमार सतपाल सिंह विकास चौधरी रंथू उरांव जालिम सिंह जगरनाथ महतो नरेश गंझू विनय खलखो अमृत भोगता रामलखन गंझू मुकरू कुमार शिवनारायण लोहरा शिवनाथ भोगता लहसन भोगता प्रभाकर गंझू देवपाल मुंडा सोमर गंझू दामोदर गंझू नंदू मेहता गोपाल सिंह कुलदीप साहू विनय उरांव बिनोद मुंडा दशरथ तुरी मौजूद थे।

## अस्थि विसर्जन स्थल डुगरूगढ़ा को बचाने के लिए महासभा कल

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** सांसद संजय सेठ बिना राय सुमारी के 24 फरवरी को 7.5 करोड़ रुपए की लागत से जुमार नदी घाट पर सबसे बड़े शव दाह गृह शिलान्यास की सूचना पर बूटी मोड़ क्षेत्र के ग्रामीणों ने शिलान्यास का विरोध किया है। ग्रामीणों का आरोप है कि उनकी समस्याओं को सुने बगैर शवदाह गृह निर्माण के लिए शिलान्यास कर दिया गया है। यहां पर बूटी मोड़ क्षेत्र सहित लाली, पैका, कटम कुली, दुहुल, हुंदुर सहित सैकड़ों गांवों के लोग तीन कर्म के लिए जुमार नदी स्थित डुगरू गढ़ा अस्थि विसर्जन करते हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि यहां शवदाह गृह बनाने से प्रदूषण फैलेगा, जिससे उन्हें अपने तीन कर्म को करने में परेशानी होगी। ग्रामीण अपने इस आस्था के प्रतीक को बचाने के लिए 24 मार्च दिन रविवार को बूटी मोड़ के मंडाटोंड़ में एक बैठक आयोजित की है। इसे लेकर झारखंड संस्कृति संरक्षण समिति, बूटी मोड़ व क्षेत्र के गणमान्य लोगों से बैठक में शामिल होने की अपील की है। बैठक डुगरू गढ़ा में होगी।

एक नजर में

## ब्रह्माकुमारी प्रीति बहन ने होली का आध्यात्मिक रहस्य बताया



**खलारी।** ब्रह्माकुमारी गीता पाठशाला डकरा सुभाष नगर की नियमित ब्रह्माकुमारी प्रीति बहन ने होली का आध्यात्मिक रहस्य बताया। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिक ज्ञान के रंग से आत्मा रूपी चोला को रंगना ही वास्तविक होली मनाना है। माया का रंग तो हर एक मनुष्य पर चढ़ा हुआ है। अब ईश्वरीय संग के रंग में आत्मा को रंगना ही आध्यात्मिक होली है। होली का उत्सव हमें आपसी भेदभावए मन मुटावए अहंकार व तमाम सामाजिक बंधनों को तोड़कर अपनी अंदर की भावना उमंग उल्लास को प्रकट करने का अवसर देता है। उन्होंने कहा कि प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के तमाम सेवा केंद्र पर राजयोग परमपिता परमेश्वर पिता द्वारा नि:शुल्क सिखाया जाता हैए जिससे मुक्ति और जीवनमुक्ति मिलती है। साथ ही पूरी सृष्टि चक्र एवं प्रत्येक त्योहारों के आध्यात्मिक रहस्यों की विस्तृत जानकारी दी जाती है।

## अंबाटोंगरी में सरहुल को लेकर कमेटी गठित



**खलारी।** चुरी दक्षिणी पंचायत के अम्बाटोंगरी स्थित जतराटांड में शुक्रवार को सरहुल पूजा को लेकर बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता मुखिया मलका मुंडा व संचालन बिरेन्द्र मुंडा ने किया। बैठक में सभी उपस्थित ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से 11 अप्रैल को सरहुल पूजा धूमधाम से मानने का निर्णय लिया। बैठक में सरहुल पूजा के लिए एक कमेटी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष सुकरा लोहरा उपाध्यक्ष बिरेन्द्र मुंडा सचिव जगदीश गंझू उपसचिव आशीष मुंडा कोषाध्यक्ष राजेश बिजय संरक्षक मुखिया मलका मुंडा पूर्व मुखिया लालजी मुंडा मनोज मुंडा जोगेन्दर मुंडा मुख्य पाहन समसुन्दर पाहन पनिभूर्वा गिदरा पाहन पूर्व पाहन लालदेव पाहन के अलावा कार्यकारिणी सदस्यों में राहुल मुंडा पिन्टू मुंडा प्रदीप गंझू छबिश लोहरा अजय मुंडा अनिल गंझू मिथुन नायक अनिल मुंडा सूरज गंझू जगदीश मुंडा बिरसा मुंडा मनोज मुंडा विनय मुंडा शनि मुंडा राजेश मुंडा सूरज मुंडा विकास मुंडा शिवचरण मुंडा उमेश मुंडा ओमप्रकाश मुंडा जितेन्द्र मुंडा रामलखन मुंडा कंदरु मुंडा सुनील मुंडा अमृत यादव सहित अन्य को शामिल किया गया है।

## सत्यता प्रमाणित किए बिना मैसेज फार्वड नहीं करें

### ओरमांझी में शांति समिति की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** थाना परिसर ओरमांझी में शुक्रवार थाना प्रभारी आलोक कुमार सिंह की अध्यक्षता में होली को लेकर शांति समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। मुख्य अतिथि पूर्व सांसद रामटहल चैधरी ने होली की शुभकामनाएं दी और सभी से सौहार्दपूर्ण होली मनाने की अपील किया। वहीं सीओ नितिन षिवम गुप्ता, बीडीओ विजय कुमार व थाना प्रभारी ने लोगसभा चुनाव से संबंधित आचार संहिता का हवाला देते हुए दिषानिदेर्षों के अनुरूप ही होली मनाने का अहवान किया। कहा इंटरनेट मीडिया में आने वाले मैसेज की सत्यात्या को प्रमाणित कर ही आगे फार्वड करें। इसके अलावे बैठक में कई कई लोगों ने संबोधित करते हुए स्थनीय जनससमयाओं पर भी चर्चा किए। संचालन पूर्व प्रमुख जयगोविंद उर्फ लालू साहू ने किया। उपप्रमुख रिजवान अंसारी, जिप सदस्य कमिष्नर मुंडा, पूर्व प्रमुख मुनतजीर अहमद रजा, कुदुस अंसारी, अंजीत कुमार, अषोक गुप्ता, सत्यमाज कुषवाहा, समुंदर पाहन, मुमताज अंसारी, दीपक साहू, सलिम अंसारी, रामबृक्ष महतो, इम्तियाज ओहदार, तुलसी खरवार, शोभा देवी, प्रेमनाथ मुंडा, संजय कुमार, बसंत कमाली, शषि भुषण, विभिन्न पार्टी के राजनीति व समाजिक कार्यकर्ता सहित पुलिस कर्मी व कई शांति समिति के सदस्य उपस्थित थे।



शांति समिति की बैठक में बोलते रामटहल चौधरी।

## मांडर में शांति व सौहार्दपूर्वक होली मनाने का निर्णय

खबर मन्त्र संवाददाता

**मांडर।** थाना परिसर में होली पर्व को लेकर शुक्रवार को अयोजित शान्ति समिति की अध्यक्षता मांडर प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोरंजन कुमार ने किया। बैठक खलरी डीएसपी राम नारायण चौधरी तथा इंस्पेक्टर जयप्रकाश राणा उपस्थित रहे। बैठक में होली शांतिपूर्ण और सौहार्द पूर्वक मनाने की अपील किया गया। होली आपस मे मिल जुलकर मनाने का पर्व है। दोनों समुदाय के लोगों ने होली और रमजान पर्व को शांति और सौहार्द से मनाने की बात कही। त्यौहार में फुहड़ और अश्लील होली गाने पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा। थाना प्रभारी राहुल कुमार ने कहा की मांडर के लोग काबिले तारीफ है। यहां के लोग एक दूसरे के पर्व त्योहार मे बढ़ चढ़ कर भागीदारी निभाते है। प्रभारी ने कहा त्यौहार के दौरान हुड़दंगी लोग शांति भंग करने के फिराक में रहते हैं। ऐसे असामाजिक तत्वों पर प्रशासन की पैनी नजर रहेगी। उन्होंने आचार संहिता का पालन करने को कहा।

### मौके पर ये लोग थे मौजूद

मौके पर प्रमुख फिलिप सहाय एक्का उप प्रमुख अमानत अंसारी जिपस प्रतिनिधि जगराम उरांव राबुल अंसारी मुखिया प्रकाश खलखोए शंभू महलीए आबिद अंसारीए तबारक खानए जाहिर खान रामबालक ठाकुर प्रमेशर उरांव बजरंग साहू बेलस तिर्की अनूप राम सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## पिपरवार में भाजपा कार्यकर्ताओं का होली मिलन समारोह

खबर मन्त्र संवाददाता

**पिपरवार।** भारतीय जनता पार्टी हजारीबागा लोकसभा प्रत्याशी मनीष जायसवाल के द्वारा केरेडारी एवं पिपरवार मंडल के कार्यकर्ता बैठक सह होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें पिपरवार मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा के नेतृत्व में कई कार्यकर्ता केरेडारी ब्लॉक मैदान कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। इस दौरान पिपरवार से पहुंचे कार्यकताओं ने माला पहनाकर सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल का स्वागत किया। इस समारोह के दौरान मंच पर विराजमान अतिथियों ने अपने.अपने विचारों को व्यक्त किया। इस दौरान सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने कहा कि इस लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी मैं नहीं कमल फूल है और मोदी जी के किए गए कार्यों से लाभार्थी हुए लोगों के घर.घर जाकर जागरुक कर वोट मांगना है। इसके बाद पिपरवार के कार्यकर्ता सिमारिया विधायक किशुन कुमार दास आवास में होली मिलन समारोह में शामिल हुए। मौके पर पिपरवार मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्राए ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष राजेश महतो अजय सिंह माधुरी देवी राधा देवी रीमा देवी रीना देवी माधुरी देवी आदि मौजूद थे।

## मस्जिदों में अदा की गयी दूसरे जुमे की नमाज

खबर मन्त्र संवाददाता



**इटकी।** पवित्र माह रमजान के दूसरे जुमे की नमाज शुक्रवार को इटकी क्षेत्र के विभिन्न मस्जिदों में अदा की गई। जुमे की नमाज को लेकर लोग सुबह से ही तैयारी में लग गये थे। दोपहर में अजान के साथ ही लोग मस्जिदों में पहुंचने लगे। देखते ही देखते मस्जिद नमाजियों से भर गयी। इटकी जामा मस्जिद में मौलाना तल्हा नदवी ने अपने खिताब में कहा कि पवित्र माह रमजान का पहला अशरा खत्म हो गया है। आज से दूसरा अशरा यानी मगफिरत का अशरा शुरू हो गया है। उन्होंने इस अशरे में लोगों को ज्याद से ज्यादा अपने गुनाहों से तौबा व अस्तगफार करने को कहा। अल्लाह इस अशरे में रोजेदार बंदों की कसरत से मगफिरत किया करता है। उन्होंने कहा कि जो लोग मालदार हैं उन्हें अपने आय का ढाई प्रतिशत जकात निकलना चाहिये। इससे कारोबार में बरकत होता है और गरीब तबके भी ईद को खुशी खुशी मना सकते है। उन्होंने कहा कि इस्लाम हमे सिखाता है कि हम अपने रिश्तेदारए पास पड़ोस का ख्याल पहले करें। उन्होंने कहा कि इटकी क्षेत्र में इस वर्ष सदका ए फित्र की रकम 60 रुपये तय किया गया है। जुमे की नमाज आदा करने के बाद नमाजियों ने सामूहिक रूप से अपने गुनाहों से तौबा अस्तगफार किया और देश व दुनिया के लिए अमन चैन व खुशहाली की दुआ मांगी।

## ढाकुरगांव थाना में शांति समिति की बैठक



**ढाकुरगांव।** ढाकुरगांव थाना में होली व ईद त्योहार को लेकर शुक्रवार को शांति समिति की बैठक बुढ़मू सीओ सचिदानंद कुमार वर्मा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सदस्यों ने पर्व के दौरान अवैध शराब की बिक्री रोकनेएगश्त बढ़ाने की मांग किया। मौके पर बुढ़मू बीडीओ धीरज कुमार ने कहा कि पर्व के समय अशांति फैलाने वालों पर प्रशासन कड़ी कार्रवाई करेगा। वहीं थाना प्रभारी विनीत कुमार ने सोशल मीडिया के गलत उपयोग नहीं करने की बात कही। साथ ही उन्होंने आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर आपसी सौहार्द बनाये रखने की भी बात कही। मौके पर कमल मोदी मुखिया दशरथ उरांव कुशेन्द्र पाहन पंसस गौरव कुमार मौलाना शाबिर जहरुद्दीन अंसारी सचिन पाहन समेत अन्य मौजूद थे।

# खूंटी में ईस्ट जोन ओपन तीरंदाजी प्रतियोगिता शुरू

खबर मन्त्र संवाददाता


**खूंटी।** खूंटी जिला तीरंदाजी संघ और झारखंड तीरंदाजी संघ के संयुक्त तत्वावधान एनटीपीसी एवं खेलो इंडिया के सहयोग से ईस्ट जोन ओपन तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन शुक्रवार को खूंटी के बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम किया गया। दो दिवसीय प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप से भारतीय तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष और जनजातीय मामलों और कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री अर्जुन मुंडा, द्रोणाचार्य सम्मान से सम्मानित पद्मश्री पूर्णिमा महतो, भारतीय तीरंदाजी संघ के सह सचिव सुमंत चंद्र मोहंती, झारखंड तीरंदाजी संघ के उपाध्यक्ष एल मूर्ति, अंतरराष्ट्रीय तीरंदाजी प्रशिक्षक प्रकाश राम, डी साई ईश्वरी राव, राजेश हसदक, रोहित कोइरी, शेखर लगूरी, शिशिर महतो, करण कर्मकार, सुमित मिश्रा आदि विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित थे। में शुभारंभ किया गया। देश के पांच राज्य बंगाल, बिहार, उड़ीसा, छत्तीसगढ़, झारखंड से लगभग 101 तीरंदाजों का आगमन हुआ है।

### अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी दिखायेंगे प्रतिभा



अंतरराष्ट्रीय तीरंदाज मधुमिता कुमारी, भाग्यवती चानू, दीप्ति कुमारी, सविता कुमारी, जुवेल सरकार, रूमा विश्वास जैसे दर्जनों अंतराष्ट्रीय स्तर के पदक विजेता खिलाड़ी भी भगवान बिरसा की पावन भूमि खूंटी में अपनी प्रतिभा दिखा रहे है। जिला तीरंदाजी संघ से बसंत कुमार, ईशान जायसवाल, दानिश अंसारी आदि प्रतियोगिता के सफल आयोजन में भागीदारी निभा रहे हैं। खूंटी जिले में पहली बार इतनी बड़ीसे प्रतियोगिता के आयोजन से जिले वासियों और खेल प्रेमियों में भी काफी उत्साह है। शुक्रवार को संपन्न प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार हैं कंपाउंड बालिका में झारखंड की मधुमिता, एवं बालक में भी झारखंड के दीपक कुमार प्रथम। वहीं रिकर्व बालिका वर्ग में बंगाल की रूमा विश्वास एवं बालक वर्ग में भी बंगाल के ही जुवैल सरकार प्रथम स्थान पर रहे।

## भक्तिमय वातावरण में नवकुंज हरिनाम कीर्तन



**सोनाहातू।** सोनाहातू प्रखंड के तेतला राधेग्राम में शुक्रवार को भक्तिमय वातावरण में नौ दिवसीय नवकुंज हरि संकीर्तन प्रारंभ हुआण एक साथ नौ हरि मंदिर में नौ कीर्तन मंडली के द्वारा हरिनाम कीर्तन किया जायेगाण कार्यक्रम पूर्व सांसद सुबोधकांत सहायएप्रमुख विक्टोरिया देवीएउप प्रमुख साबिता देवी तथा आयोजन समिति के सदस्यों ने विधिवत रूप में पूजन कर फीता काट काट कर उद्घाटन किया गयाण किसी के साथ 9 दिनों तक हरनाम कीर्तन चलेगाण इस अवसर पर पूर्व सांसद सुबोध कांत सहाय ने कहा कि भक्ति से शुद्धि होती है और गांव में स्वच्छ वातावरण बनता है। मौके पर आयोजन समिति के संरक्षण भूपेन भगत भरोहरी महतो महादेव महतो विदेशी महतो रामदास राय शुभम सिंह मानकी मनोज मुंडा राहुल कुमार निशिकांत गोंझु सहित काफी संख्या में समिति के सदस्य मौजूद थे।

# मानव को प्रकृति से प्रेम करने को प्रेरित करता है सरहुल : दमयंती मुंडा

### गीढीबाह मैदान में विशाल आदिवासी सरहुल महोत्सव

खबर मन्त्र संवाददाता

**तमाड़।** प्रखंड क्षेत्र के रांची-टाटा मुख्यमार्ग पर स्थित लोंद्रा बड़वा मोड़ पर गीढीबाह मैदान में विशाल आदिवासी सरहुल महोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। मेले में मुख्य रूप से केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा की धर्म पत्नी मीरा मुंडाए स्थानीय विधायक विकास कुमार मुंडाए जेबीकेएसएस महिला मोर्चा केंद्रीय अध्यक्ष दमयंती मुंडा शामिल हुए। इससे पूर्व पहान के द्वारा आदिवासी रीति रिवाज के साथ प्राकृतिक साल के फूल लगी डाल से सामूहिक पूजा अर्चना कर क्षेत्र की खुशहाली की कामना किये। स्थानीय लोगों ने आदिवासी परंपरा के तहत वस्त्र धारण कर मुंडारी गीत पर अदभुत नृत्य का प्रदर्शन कर उपस्थित लोगों को थिरकने पर मजबूर कर दिया। मेला को संबोधित करते हुए मीरा मुंडा ने कहा की सरहुल महोत्सव हमारी पौराणिक संस्कृति को दशार्ती है। जरूरत है हमे इसे संजोने कीण इस पर्व के माध्यम से हमें प्रकृति की महत्व को समझते है। विधायक विकास कुमार मुंडा ने कहा की सरहुल आदिवासी समाज का पारंपरिक पर्व है। यह पर्व हमारे पूर्वजों द्वारा पीढ़ी दर पीढ़ी मनाते आ रहे है। आज के इस आधुनिक युग में इस पर्व बचाए रखना समाज का परम कर्तव्य है। इसमें युवाओं की भूमिका अहम रहेगी। जेबीकेएसएस महिला मोर्चा केंद्रीय अध्यक्ष दमयंती मुंडा ने कहा की हमें गर्व है कि हम प्राकृतिक उपासक हैं। हमारा धर्म अति प्राचीन एवं विज्ञान पर आधारित है। हमारा आदिवासी धर्म दर्शन सर्वोत्तम है। हमारी धार्मिक समाजिक आर्थिक एवं सांस्कृतिक मान्यताएं एवं परंपराएं प्रकृति के नियमानुसार बनें हैं। सरहूल पूजा मानव को प्राकृतिक के प्रति प्रेम करने के लिए प्रेरित करती है।



### कार्यक्रम में ये लोग थे मौजूद

इस अवसर पर जेबीकेएसएस महिला मोर्चा केंद्रीय अध्यक्ष दमयंती मुंडा विधायक प्रतिनिधि ऋषिकेश महतो विधायक प्रतिनिधि मृत्युंजय महतो सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण सिंह मुंडा रामसहाय मुंडा आकाश मुंडा रीता मुंडा आदि शामिल थे।

## 329 जरूरतमंदों को मिला कृत्रिम अंग

**बेड़ो।** भगवान महावीर विकलांग सहायता समितिएझारखंड दिव्यांग संघर्ष समिति बेड़ो व जेडीजेएम के संयुक्त तत्वाधान में महादानी मैदान के रंगमंच में आयोजित दो दिवसीय नि:शुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर शुक्रवार को संपन्न हो गया। शिविर में 329 जरूरतमंदो के बीच कृत्रिम अंग का वितरण किया गया। शिविर में 329 दिव्यांगों के बीच कृत्रिम अंग का वितरण हुआ।



# होली के रंग व गुलाल से अपने सेंसेटिव त्वचा को कैसे बचायें

होली रंगों का त्यौहार है। इस दिन सब लोग खूब मस्ती करते हैं लेकिन इन रंगों से स्किन और बालों को बहुत नुकसान होता है।सैंसेटिव त्वचा पर रैशेज और एलर्जी हो जाती है और बाल भी ड्राई हो जाते हैं। इसके लिए बहुत-सी क्रीमों और लोशन का इस्तेमाल करना पड़ता है लेकिन जल्दी फर्क नहीं होता। इसकी बजाए आयुर्वेदिक तरीके अपनाना बेहतर होते हैं। आइए जानिए ऐसे कुछ टिप्स जिनको अपनाकर होली को बिना किसी चिंता के खेल सकते हैं।

**नीम**: नीम के पत्तों को एक बढ़िया आयुर्वेदिक दवा के रूप में जाना जाता है। होली के रंगों के दुष्प्रभाव से बचने के लिए नीम के पत्तों को उबालकर उस पानी से चेहरा और बालों को अच्छी तरह धोने से काफी लाभ होता है। इससे स्किन के रैशेज और एलर्जी से राहत मिलती है। इसके पत्तों का पेस्ट बनाकर भी रैशेज पर लगाने से फायदा होता है। इस पेस्ट को आधे घंटे के लिए सिर पर लगा कर रखें और फिर बालों को धोएं। इससे बालों की ड्राइनेस और खुजली दूर होगी। नारियल या तिल के तेल में 1 मुठ्ठी नीम के पत्ते डालें और इसे गैस पर अच्छी तरह गर्म करें। तेल छान कर इससे सिर की मसाज करने से काफी फायदा होता है।

**दही और हल्दी**: त्वचा के रैशेज को दूर करने के लिए 4 चम्मच दही में 1 चम्मच शहद और चुटकी भर हल्दी डालकर एक पेस्ट तैयार कर लें। इसे होली के बाद कुछ दिनों तक चेहरे और गर्दन पर 20 मिनट लगाने से रैशेज की समस्या ठीक होती है। इससे स्किन कोमल और चमकदार भी हो जाएगी।

**तिल** : सफेद तिलों को रात भर भिगोकर रखें और सुबह इसे मिक्सी में पीस कर पेस्ट तैयार कर लें। इसे चेहरे,गर्दन और हाथ-पैर पर लगाने से फायदा होता है। इस पेस्ट से त्वचा पर होने वाली सनबर्न की समसया भी ठीक हो जाती है।

**एलोवेरा**: एलोवेरा जैस से भी होली के रंगों से स्किन और बालों को बचाया जा सकता है। बालों का पैक बनाने के लिए 1 चम्मच बेसन, 1 छोटा चम्मच संतरे के छिलके का पाउडर,थोड़ा सा दही और एलोवेरा जैल मिलाकर इसे बालों में लगाएं और 20 मिनट बाद सिर धो लें। इससे बाल स्मूथ और सिल्की हो जाएगें।

**गेंदे का फूल** : एक मुठ्ठी फ्रैश गेंदे के फूल को 3 कप पानी में डालकर 1 घंटे के लिए पड़ा रहने दें। इसके बाद पानी को छान कर इससे बाल और चेहरा अच्छे से धोएं। इससे स्किन की ड्राईनेस दूर होगी और बाल भी सुंदर हो जाएंगे।

## चुकंदर, कच्चे लहसुन और प्याज के सेवन से आती है अच्छी नींद



अमेरिका में किये गये एक अध्ययन में पता चला है कि चुकंदर, कच्चे लहसुन और प्याज जैसे खाद्य पदार्थों में प्राकृतिक रूप से पाये जाने वाले प्रीबायोटिक्स नींद में सुधार कर सकते हैं और तनाव की वजह से शरीर पर पड़ने वाले प्रभावों को कम करने में मददगार साबित हो सकते हैं। यह इस तरह का पहला अध्ययन है। अमेरिका में कोलोराडो बोल्डर विश्वविद्यालय में पीएचडी शोधकर्ता रॉबर्ट थॉम्पसन ने कहा, 'अध्ययन में हमने पाया कि प्रीबायोटिक्स नींद में सुधार कर सकते हैं और तनाव को भी कम कर सकते हैं।' प्रीबायोटिक्स, चुकंदर, कच्चे लहसुन और प्याज जैस खाद्य पदार्थों में प्राकृतिक रूप से पाये जाने वाले पदार्थ (डाइएटरी फाइबर) हैं। प्रीबायोटिक्स पेट की समस्या में भी सुधार करते हैं लेकिन मेटाबोलिक बाईप्रोडक्ट्स के लिए जिम्मेदार होते हैं। शोधकर्ताओं ने चूहों पर यह अध्ययन किया है। अध्ययन को फ्रंटियर इन बिहैव्यरल न्यूरोसांइस पत्रिका में प्रकाशित किया गया था। भारत में इन खाद्या पदार्थो का उपयोग प्राकृतिक रूप से पाये जाने वाले पदार्थ की तरह करते हैं।

## होलाष्टक में क्या करें और क्या न करें

**मान्यताओं** के अनुसार होलाष्टक फाल्गुन शुक्ल अष्टमी से शुरू होकर होलिका दहन तक चलता है। होलाष्टक के आठ दिनों की अवधि में कोई भी शुभ कार्य करना निषेध बताया गया है। इस बार यह 03 मार्च से 09 मार्च तक है। धार्मिक मान्यताओं के मुताबिक होलाष्टक के पहले दिन भगवान शिव ने कामदेव को जलाकर भस्म कर दिया था। ज्योतिष शास्त्र की मानें तो होलाष्टक की अवधि में सभी ग्रह अगल-अलग रूप में उग्र होते हैं। आइए जानते हैं कि होलाष्टक के दौरान शुभ काम क्यों नहीं करना चाहिए। साथ ही क्या है इसके पीछे की धार्मिक वजह

### क्यों नहीं करना चाहिए शुभ काम

होलाष्टक के विषय में धार्मिक मान्यता है कि होली आठ दिन पहले यानि अष्टमी से लेकर होलिका दहन तक प्रह्लाद को बहुत अधिक यातनाएं दी गई थी। कहते हैं कि फाल्गुन शुक्ल अष्टमी के दिन ही प्रह्लाद को बंदी बना लिया गया था। इसके बाद उसे मारने के लिए तरह-तरह से कष्ट दिये जा रहे थे। परंतु प्रह्लाद भगवान विष्णु की भक्ति के कारण बच गया। यह देखकर हिरण्यकश्यप ने अपनी बहन होलिका को आज्ञा दी कि वह प्रह्लाद को गोद में लेकर आग में बैठ जाएं। होलिका को आग में न जलने का वरदान प्राप्त था। होलिका जब प्रह्लाद को आग में लेकर बैठी तो वह खुद जलकर भस्म हो गई। मान्यता है कि भक्त प्रह्लाद की भक्ति से प्रसन्न होकर भगवान विष्णु नृसिंह रूप में प्रगट हुए और हिरण्यकश्यप का वध किया। प्रह्लाद के यतनाओं भरे उन आठ दिनों को अशुभ मानने की परंपरा है।

एक अन्य कथा के मुताबिक कामदेव ने शिव की तपस्या भंग करने की कोशिश की। जिसके बाद भगवान शिव ने कामदेव पर क्रोधित होकर फाल्गुन शुक्ल अष्टमी को भस्म कर दिया। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार होलाष्टक के दौरान दान करना शुभ है।

### क्या न करें

-होलाष्टक की अवधि में शादी-विवाह आदि मांगलिक कार्य नहीं किया जाता है।

-नया घर बनाना या गृह प्रवेश करना वर्जित है। इसके अलावा भूमि पूजन भी नहीं करना चाहिए।

-कोई भी यज्ञ या हवन कार्य नहीं करना चाहिए।

शुभ मुहूर्त

होलिका दहन मुहूर्त- 18:22 से 20:49

भद्रा पूंछ- 09:37 से 10:38

भद्रा मुख- 10:38 से 12:19

रंगवाली होली- 10 मार्च

पूर्णिमा तिथि आरंभ- 03:03 (9 मार्च)

ज्योतिष शास्त्र की मानें तो होलाष्टक की अवधि में सभी ग्रह अगल-अलग रूप में उग्र होते हैं। आइए जानते हैं कि होलाष्टक के दौरान शुभ काम क्यों नहीं करना चाहिए।

## त्योहार के खान-पान में पौष्टिकता

हरी सब्जियों को शुरू से ही ज्यादा खाने की सलाह दी जाती हैं क्योंकि हरी सब्जियों में कमाल के पौष्टिक गुण पाए जाते हैं। इन हरी सब्जियों में एक हैं ब्रोकली जिसे ज्यादा पसंद नहीं किया जाता और बच्चे तो इसे बिलकुल भी पसंद नहीं करते लेकिन आपको बता दें कि इसमें प्रोटीन,कैल्शियम, कार्बोहाइड्रेट, आयरन, विटामिन ए और सी आदि कई प्रकार के लवण भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं जो शरीर की लगभग हर हिस्से को पोषण देते हैं। इसमें पाए जाने वाले फाइटोकेमिकल्स और एंटीऑक्सीडेंट गुण शरीर को अन्य बीमारियों और इंफैक्शन से लड़ने की ताक्त और शुगर लेवल को संतुलित बनाए रखने में मददगार साबित होते हैं। अगर आप इसे नियमित रूप से अपनी डाइट में शामिल करें तो आपको कई बीमारियों से राहत मिलेगी। लगभग फूलगोभी की तरह दिखने वाली ब्रोकली को आप सलाद के तौर पर कच्चा, सूप में और उबाल कर खा सकते हैं लेकिन अगर आप इसे कुछ टेस्टी तरीके से खाना चाहते हैं तो इसे बेक करके भी खाया जा सकता है।



**कैंसर को रखें दूर**

ब्रोकली में फाइटोकेमिकल्स अधिक मात्रा में पाया जाता है जो शरीर में मौजूद विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने का काम करते हैं। ब्रोकली शरीर में कैंसर कोशिकाओं का निर्माण होने से रोकती है। शोध के अनुसार,ब्रोकली में पाए जाने वाले यौगिक स्तन कैंसर की कोशिकाओं की वृद्धि धीमे कर सकते हैं।

**गठिया रोग**

जो लोग गठिया से पीड़ति हैं उन्हें ब्रोकली का सेवन करना चाहिए। ब्रोकली में मौजूद तत्व सल्फोराफेन हड्डियों में होने वाली गठिया रोग को कम करता है।

**डिप्रैशनडिप्रैशन**

परेशानी हर छोटे-बड़े में आम सुनने को मिल रही है। दरअसल फोलेट (फोलिक एसिड )की कम मात्रा लेने से डिप्रैशन का खतरा बढ.जाता है। ब्रोकोली में विटामिन बी फोलेट की भरपूर मात्रा पाई जाती है। ये मूड को बेहतर बनाए रखने के लिए बहुत जरूरी होता है। डिप्रेशन के साथ साथ यह कमजोर स्मरण शक्ति, थकान की परेशानी दूर करने में सहायक होती है।

**इम्यून सिस्टम**

ब्रोकली में विटामिन सी की भी भरपूर मात्रा पाई जाती है जो इम्यून सिस्टम को बेहतर बनाने और संक्रमण से बचाव में मददगार होता है।

**प्रैग्नेंसी में फायदेमंद**

गर्भावस्था में महिला को नियमित रूप में ब्रोकली का सेवन करना चाहिए। यह बच्चे के स्वास्थ्य और विकास के लिए बहुत अच्छी होती है। इससे मां भी कई तरह के संक्रमण से दूर रहती है। महिलाओं में ऑस्टियोपोरोसिस होने का खतरा कम होता है।

**स्वस्थ दिल**

ब्रोकली में पाए जाने वाला कैरोटीनॉयड ल्यूटिन दिल की धमनियों को स्वस्थ रखता है। इसमें मौजूद पोटैशियम कोलेस्ट्रॉल के स्तर को बढऩे नहीं देता और साथ ही ब्लड प्रैशर को भी कंट्रोल में रखता है।

**हैल्दी स्किन**

ब्रोकली में यौगिक सल्फोराफेन, स्किन को यूवी रेडियेशन के कारण होने वाले नुकसान से बचाता है। इसके अलावा ब्रोकली लो कैलोरी होने की वजह से वजन भी कम करती हैं और इसमें मौजूद आयरन और फोलेट शरीर को एनीमिया और एल्जाइमर से बचाती है।

## प्राकृतिक रंगों से खेलें होली स्वास्थ्य के लिए सुरक्षित और सही



रंगों और खुशियों के त्योहार होली खेलने के लिए चुकंदर, मेहंदी और फूलों को अपने किचन में इकट्ठा करना शुरू कर दीजिए, ताकि आपको हानिकारक रासायनिक रंगों से होली नहीं खेलना पड़े।

■ नारंगी रंग बनाने के लिए रात भर मेहंदी की पत्तियों को पानी में डालकर छोड़ दें और सुबह उस पानी से होली खेलें।

■ गहरा गुलाबी रंग (मैजेंटा) बनाने के लिए चुकंदर के कुछ टुकड़ों को एक कप पानी में उबाल लीजिए और फिर अगले दिन इससे होली खेलें।

■ पीला रंग बनाने के लिए लाल रंग के फूलों को पानी में भिगो दे इससे पानी का रंग हल्के पीले रंग का हो जाएगा।

■ हरा रंग बनाने के लिए पालक को पानी में भिगों दीजिए और फिर रंग हरा हो जाने पर उस पानी से होली खेलें।

■ नीला रंग बनाने के लिए ब्लूबेरी के रस का इस्तेमाल कीजिए।

■ अगर सूखे रंग से होली खेलना हो तो चावल के आटे में फूड कलर मिला लीजिए और इसमें दो छोटा चम्मच पानी मिलाकर गाढा पेस्ट बना लें। इसे सूखने के लिए छोड़ दें और फिर इसे मिक्सर में पीस लीजिए, इससे यह पाउडर बन जाएगा और इससे होली खेलें।

## कैमिकल और कृत्रिम रंगों से सावधान



रंगों और खुशियों के त्योहार होली खेलने के दौरान अपनी त्वचा और बालों का ध्यान जरूर रखें। चेहरे पर सनस्क्रीन लगाना और बालों में तेल लगाना नहीं भूलें।

* बालों को रंगों और हानिकारक केमिकल से बचाने के लिए बालों में अच्छी तरह से तेल लगा लें, जिससे आपके बालों को कोई नुकसान नहीं पहुंचे। आप दो बड़े चम्मच बादाम तेल में दो बूंद लैवेंडर का तेल, एक बूंद गुलाब का तेल और दो या तीन बूंद नींबू के रस को मिलाकर बालों में लगाएं, इससे आपके बालों को पोषण मिलने के साथ ही सुरक्षा भी मिलेगी।
* होली खेलने से पहले चोटी बनाना नहीं भूलें, क्योंकि ऐसा नहीं करने से सिर की त्वचा में रंगों के समा जाने की संभावना रहती है, जिससे आपको सिर में खुजली आदि की समस्या सकती है।
* सूर्य की हानिकारक यूवी किरणों और टैनिंग से बचने के लिए होली खेलने निकलने से पहले सनस्क्रीन जरूर लगाएं।
* पुरुषों के लिए भी अपनी दाढी की देखभाल करनी जरूरी है, इसलिए वे होली खलने से पहले नारियल तेल, बादाम तेल लगाना नहीं भूलें।
* होली खेलने के बाद रंगों को छुड़ाने में परेशानी महसूस होती है, इसलिए दो चम्मच बेसन में एक चुटकी हल्दी का पाउडर, एक छोटा चम्मच शहद और फिर जरा सा दूध या दही मिलाकर पेस्ट बान लें और इसे रंग लगी त्वचा पर लगाएं. इसे 15-20 मिनट तक लगाए रखने के बाद हल्के गुनगुने पानी से धो लें। इससे आपके रंग आसानी से छूट जाएंगे और आपकी त्वचा भी कोमल और मुलायम हो जाएगी।
* आप बाद में हल्दी युक्त क्लींजर से भी चेहरा धो सकते हैं।
* अपने पूरे शरीर पर शहद और शिया बटर युक्त मॉइश्चराइजर लगाएं, इससे शरीर की त्वचा कोमल बनेगी और उसमें नमी बरकरार रहेगी।
* सारा रंग निकल जाने और स्नान करने के बाद पुरुष अपनी दाढी पर यलंग-यलंग (कैनेन्गा) के तेल की दो-तीन बूंदें लगाएं।

